राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर
राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर

क्रमांकः प.14(70)(3)RSMSSB/अर्थना/मा.शि./प्रयो.सहा./पात्रता जांच/2018 /1541 दिनांक : 18.12.20

–:: कार्यालय आदेश ::–

बोर्ड द्वारा माध्यमिक शिक्षा विभाग, राजस्थान, बीकानेर के लिये राजस्थान शिक्षा अधीनस्थ सेवा नियम–1971 तथा राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र अधीनस्थ, मंत्रालयिक एवं चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्ते) नियम, 2014 के अन्तर्गत प्रयोगशाला सहायक (गैर अनुसूचित क्षेत्र एवं अनुसूचित क्षेत्र) सीधी भर्ती परीक्षा– 2018 की परीक्षा दिनांक 03.02.2019 को आयोजित की गई थी। इस परीक्षा का परिणाम बोर्ड द्वारा दिनांक 22.07.2019 को जारी किया गया है। प्रयोगशाला सहायक सीधी भर्ती–2018 में गैर अनुसूचित क्षेत्र के रिक्त 985 पदों के विरूद्ध वरियता के आधार पर श्रेणीवार रिक्त पदों का 1.5 गुणा एवं अनुसूचित क्षेत्र के रिक्त 246 पदों के विरूद्ध वरियता के आधार पर श्रेणीवार रिक्त पदों का 1.5 गुणा अभ्यर्थियों को पात्रता की जांच एवं दस्तावेज सत्यापन पूर्व में बोर्ड द्वारा करवाया जा चुका है। राज्य सरकार की अधिसूचना दिनांक 23.01.2019 के अनुसार विशेष योग्यजनों के लिये 03 प्रतिशत के स्थान पर 04 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है। प्रयोगशाला सहायक सीधी भर्ती–2018 में गैर अनुसूचित क्षेत्र के विशेष योग्यजन श्रेणी में अतिरिक्त योग्य पाये गये 19 अभ्यर्थियों को पात्रता की जांच एवं दस्तावेज सत्यापन के लिये सूचीबद्ध किया गया है। अनुसूचित क्षेत्र में विशेष योग्यजन श्रेणी मे कोई योग्य अभ्यर्थी नहीं पाया गया है।

इन अभ्यर्थियों की पात्रता की जाँच मूल दस्तावेजों से की जानी है। साथ ही पात्रता एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु सूचीबद्ध अभ्यर्थियों से विस्तृत आवेदन पत्र (दो प्रतियों में) भी लिया जाना है। अतः प्रयोगशाला सहायक (गैर अनुसूचित क्षेत्र) सीधी भर्ती परीक्षा–2018 में सूचीबद्ध अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे निम्नानुसार अपने रोल नम्बर के सामने अंकित दिनांक को प्रातः 11.00 बजे से **राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर** पर पात्रता की जांच हेतु आवश्यक रूप से विस्तृत आवेदन (दो प्रतियों में) एवं मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होवें :–

गैर–अनुसूचित क्षेत्र

रोल नम्बर	दिनांक
152512 182160 182436 182952 185974 197288 281752 290569 305328 312535 312536 314872 328800 388167 394784 406105 469862 472448 473182	27.12.2019

पात्रता की जांच हेतु उपस्थित होते समय अभ्यर्थी निम्न बातों का विशेष रूप से ध्यान रखे :–

1. विस्तृत आवेदन भरने से पूर्व बोर्ड की बेवसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर "अंतिम चयन हेतु विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र भरने हेतु आवेदकों के लिये आवश्यक निर्देश" एवं प्रयोगशाला सहायक सीधी भर्ती परीक्षा– 2018 के लिये दिनांक 09.05.2018 को जारी विज्ञप्ति का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर ले। विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र एवं निर्देश तथा विस्तृत आवेदन का प्रारूप मय प्रपत्रों के बोर्ड की बेवसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।
2. विस्तृत आवेदन दो प्रतियों में अलग–अलग लाना है। विस्तृत आवेदन की फोटोप्रति स्वीकार नही की जायेगी। विस्तृत आवेदन की एक प्रति के साथ 100/रू. का भारतीय पोस्टल ऑर्डर, सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर के नाम से संलग्न करना है।

3. शैक्षणिक योग्यता, आयु, श्रेणी(अनुसूचित जाति, अनु. जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग), विशेष श्रेणी(भूतपूर्व सैनिक,उत्कृष्ट खिलाडी, विशेष योग्यजन, अनुसूचित क्षेत्र), चरित्र, वैवाहिक स्थिति(विधवा, परित्यकता), संतान संबंधी, सेवारत होने संबंधी **मूल प्रमाण–पत्र एवं दस्तावेज तथा स्वंय का पहचान पत्र आवश्यक रूप से साथ लावें।**
4. विस्तृत आवेदन पत्र के साथ प्रमाण–पत्रो एवं दस्तावेजों की स्वंय द्वारा प्रमाणित प्रति संलग्न करें।

(डॉ. बी.एल. जाटावत)
अध्यक्ष